पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास, भिवानी

प्रवेश सूचना 2026-27

1. शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केन्द्रीय विद्यालय पालुवास, भिवानी में कक्षा 1 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 20.03.2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 02.04.2026 तक होना है । आवेदन करने से पूर्व प्रवेश मार्गदर्शिका का अवलोकन अवश्य करें | प्रवेश मार्गदर्शिका **केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मु. ,नई दिल्ली की** वेबसाइट https://kvsangathan.nic.in/en/admission/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है । कक्षा 1 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने हेतु लिंक: https://admission.kvs.gov.in का प्रयोग करें | । कक्षा एक में कुल रिक्तियाँ 80 है |
2. कक्षा -1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 06 वर्ष होनी अनिवार्य है। आयु की गणना 31.03.2026 के अनुसार होगी । कक्षा 1 में सीटों का आरक्षण के.वि.सं. के प्रवेश दिशा-निर्देशों 2026-27 के अनुसार किया जाएगा |
3. केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश अभिभावकों की सेवा श्रेणी के आधार पर किया जाता है | अत: अपनी सेवा श्रेणी में ही आवेदन करें अन्यथा प्रवेश मार्गदर्शिका **के अनुसार** आवेदन निरस्त माना जायेगा |
4. कक्षा II व उससे से ऊपर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण रिक्त स्थान होने पर ही किया जायेगा | इन कक्षाओं में प्रवेश के लिए 01.04.2026 को अलग से सूचित किया जायेगा | इन कक्षाओं में पंजीकरण ऑफलाइन मोड (offline mode) द्वारा किया जायेगा ।
5. यदि सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आवेदन पत्र में कोई गलत/ भ्रामक जानकारी पायी जाती है तो के.वि. में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान/पश्चात् प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा ।
6. प्राचार्य / प्रवेश प्रभारी द्वारा विद्यालय में बुलाये जाने पर, निर्धारित समय अंतराल में ही संपर्क करें।
7. अभिभावकों कि सेवा श्रेणी :
   (i) केंद्र सरकार की सेवा में कर्मचारी (श्रेणी – 1)
   (ii) केंद्र सरकार स्वायत संस्थान/उपक्रम की सेवा में कर्मचारी (श्रेणी – 2)
   (iii) राज्य सरकार की सेवा में कर्मचारी (श्रेणी – 3)
   (iv) राज्य सरकार स्वायत संस्थान/उपक्रम की सेवा में कर्मचारी (श्रेणी – 4)
   (v) अन्य अभिभावक (श्रेणी – 5)

प्राचार्य
पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पालुवास
भिवानी |